भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1304

उत्तर देने की तारीख-11/02/2026

सिक्किम में संस्कृत भाषा का संवर्धन

1304 श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सिक्किम राज्य में संस्कृत भाषा के संवर्धन, संरक्षण और प्रसार के लिए कोई विशिष्ट कदम उठाया है या पहल की है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रदान की गई वित्तीय सहायता सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार द्वारा सिक्किम में किसी संस्कृत विद्यालय, महाविद्यालय, अनुसंधान केंद्र या शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सहायता प्रदान की जा रही है; और

(घ) राज्य में, विशेष रूप से युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों के बीच, संस्कृत शिक्षा और जागरूकता को और मजबूत करने के लिए भविष्य की रूपरेखा या प्रस्ताव, यदि कोई हों, क्या हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषावाद के महत्व पर प्रकाश डालती है और सभी भारतीय भाषाओं के संवर्धन पर बल देती है। एनईपी 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप, भारत सरकार ने भारतीय भाषाओं पर शिक्षा, संरक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई पहल किए हैं।

सिक्किम राज्य सहित संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, संरक्षण और प्रसार के लिए देश में कई पहल किए गए हैं। संस्कृत भाषा के संवर्धन और संस्कृत स्कूलों, कॉलेजों और अनुसंधान केंद्रों का समर्थन करने के लिए, तीन केंद्रीय विश्वविद्यालय नामत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू), दिल्ली; श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (एसएलबीएसएनएसयू), नई दिल्ली; और राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (एनएसयू), तिरुपति की स्थापना की गई है। ये

विश्वविद्यालय न केवल छात्रों को संस्कृत शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि विभिन्न संस्थानों में शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं।

सीएसयू दिल्ली, देश में संस्कृत भाषा के संवर्धन के उद्देश्य से भारत सरकार की कई पहलों के क्रायान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। पूरे देश में 260 संस्थान सीएसयू से संबद्ध हैं। वरिष्ठ माध्यमिक/उच्च विद्यालयों को अनुदान के अलावा, सीएसयू 'प्रख्यात संस्कृत पंडितों को सम्मान राशि', 'पारंपरिक पाठशाला' और 'छात्रों को योग्यता छात्रवृत्ति' आदि जैसी पहलों के तहत वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। तदनुसार, इन पहलों के तहत, सीएसयू ने सिक्किम राज्य में वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 के लिए 25, 13 और 16 संस्थानों को क्रमशः 76.10 लाख रुपये, 73.63 लाख रुपये और 68.04 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी है।

*****